तापमान
अधिकतम 38 .9 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

12 विधायक निर्मल सिंह का आरोप-12 वर्ष में एक भी...



12 बारह फरियादी पहुंचे, नौ शिकायतों का समाधान



खबर संक्षेप

मंडल कमिश्नर ने किया मुआयना

शहजादपुर। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के तहत अंबाला मंडल के आयुक्त एवं निर्वाचन पंजीयन ऑब्जर्वर संजीव वर्मा ने वीरवार को 3-नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव पतरेहड़ी स्थित मतदान केंद्रों पर एसआईआर के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा मतदाताओं से संवाद कर उन्हें मतदाता सूची से संबंधित दावों एवं आपत्तियों की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मंडल आयुक्त ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से बातचीत करते हुए यह भी जाना कि उन्हें मतदाता सूची से संबंधित किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है।

किसान संगठन के सचिव बने रावल

पानीपत। राजेश पायलट किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. रामकेश दिवाकर द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में हरियाणा के पानीपत जिला के गांव छाजपुर निवासी मोनू रावल को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। मोनू रावल की नियुक्ति पर किसान संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी व मोनू रावल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

प्रशासन ने जनता समाधान शिविर में जनसुनवाई की

पानीपत। जिला सचिवालय अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने जनता समधान शिविर में जनसुनवाई की। वहीं, चौकसे को विभिन्न विभागों से संबंधित 12 शिकायतें मिली। एडीसी चौकसे ने संबंधी विभागों के अधिकारियों को शिकायतें भेज कर निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

बाजार में आकर्षक सजावट वाली राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही

रक्षाबंधन आज, भाइयों की कलाई पर सजेगी राखी

पर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज शुक्रवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करेंगी। वहीं भाई भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट करेंगे। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में पिछले कई दिनों से चहल-पहल बनी हुई है। दुकानों पर विभिन्न रंगों, डिजाइनों और आकर्षक सजावट वाली राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर और विभिन्न थीम वाली राखियों की भी मांग बनी हुई है। इसके अलावा चांदी, मोतियों और अन्य आकर्षक सामग्री से तैयार राखियां भी लोगों की पसंद बनी हुई हैं। पर्व को लेकर मिठाई की दुकानों पर भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोग भाइयों और बहनों के लिए मिठाइयां, उपहार और अन्य सामान खरीदते नजर आ रहे हैं। कई बहनें अपने मायके पहुंच चुकी हैं, जबकि दूर रहने वाली बहनों ने डाक और ऑनलाइन माध्यम से भाइयों के लिए राखियां भेजी हैं।



कुरुक्षेत्र। राखी की खरीदारी करती बहनें। फोटो : हरिभूमि

बदलते समय के बावजूद इस पर्व की परंपरा और भावनात्मक महत्व आज भी कायम

पालिका बाजार स्थित नूर गिफ्ट पैलेस के संचालक नितिन मुटरेजा ने बताया कि दुकान पर रक्षाबंधन को लेकर अलग-अलग डिजाइन और आकर्षक रंगों की राखियां उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों से लेकर बड़ों तक की पसंद को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की राखियां मंगवाई गई हैं। पर्व को लेकर ग्राहकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। रक्षाबंधन के दिन घरों में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल रहेगा। बहनें भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारेंगी और राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाएंगी। इसके बदले भाई बहनों को उपहार देकर अपने स्नेह का इजहार करेंगे। रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर भी है। बदलते समय के बावजूद इस पर्व की परंपरा और भावनात्मक महत्व आज भी कायम है।

स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था, स्पेयर पार्ट्स की कमी बनी वजह

कोरोना काल में करोड़ों की लागत से लगाए 56 ऑक्सीजन प्लांट बंद

- विधायक पूजा चौधरी के सवाल पर मंत्री आरती राव ने दिया जवाब, विधायक बोली जवाब से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल तस्वीर क्लीयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सरकार की ओर से कोरोना काल के दौरान शुरू किए गए ऑक्सीजन के 56 प्लांट पूरी तरह से ठप पड़े हैं। अभी 23 प्लांट में ऑक्सीजन का उत्पादन हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने विधानसभा सत्र के दौरान मुलाना विधायक पूजा की ओर से पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया। विधायक पूजा ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल करते हुए राजकीय अस्पतालों में कोविड-19 महामारी के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन संयंत्रों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी थी।

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा सदन में दिए गए जवाब के अनुसार, प्रदेश के सरकारी



अस्पतालों में कोविड काल के दौरान कुल 79 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित किए गए थे, लेकिन वर्तमान में इनमें से केवल 23 संयंत्र ही कार्यशील हैं, जबकि 56 संयंत्र गैर-कार्यात्मक पड़े हैं स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान अस्पतालों में बेड साइड ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पीएम केयर्स फंड, सीएसआर पहल सहित विभिन्न माध्यमों से इन ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना की गई थी। वर्तमान में बड़ी संख्या में संयंत्रों के बंद होने के पीछे मैकेनिकल एवं तकनीकी समस्याओं, स्पेयर

स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी

पूजा ने कहा कि सिर्फ मशीनें खरीद लेना सरकार की जिम्मेदारी पूरी नहीं करता। उनका नियमित रखरखाव, समय पर सर्विस और आवश्यक स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि उपकरणों के रखरखाव की उचित व्यवस्था ही नहीं करनी थी तो जनता के टैक्स के पैसे से इतनी बड़ी संख्या में मशीनें खरीदने का क्या औचित्य था। विधायक ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में संसाधनों और व्यवस्थाओं की कमी का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ता है। स्वास्थ्य सुविधाएं प्रत्येक सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी हैं। अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों को हर समय उपयोग के योग्य रखना स्वास्थ्य विभाग का दायित्व है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैर-कार्यात्मक पड़े सभी ऑक्सीजन संयंत्रों की तत्काल तकनीकी जांच करवाकर आवश्यक स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध करवाए जाएं। उन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाए। साथ ही, प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में खराब पड़े अन्य चिकित्सा उपकरणों की भी व्यापक समीक्षा कर उन्हें दुरुस्त करवाया जाए। पूजा ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनता के टैक्स के पैसे से खरीदा गया प्रत्येक चिकित्सा उपकरण पूरी क्षमता के साथ इस्तेमाल हो और जरूरत के समय मरीजों को उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही का खामियाजा आम जनता को नहीं भुगतना चाहिए।

पार्ट्स की आवश्यकता तथा सर्विस और मरम्मत से जुड़ी लागत को प्रमुख कारण बताया गया है। सरकार के इस जवाब पर विधायक पूजा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा में सामने आई यह स्थिति प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाल तस्वीर पेश करती है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब ऑक्सीजन की कमी से लोगों की जान पर बन आई थी, तब सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर ऑक्सीजन से संबंधित मशीनरी और उपकरण स्थापित किए थे, लेकिन आज उन्हीं में से अधिकांश संयंत्र स्पेयर पार्ट्स और रखरखाव के अभाव में बंद पड़े हैं।

हत्या करने के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र की जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी मनजीत सिंह, प्रदीप उर्फ सनी व सुखपाल उर्फ राज वासीयान खेडी राजो सिंह जिला पटियाला पंजाब को आजीवन कारावास व 18/18 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

जिला न्यायवादी जयमल ने बताया कि 22 जून 2021 को कुलदीप कौर वासी मोहाली पजांब ने पुलिस को दिए अपने ब्यान में बताया कि वह अपने पति संदीप सिंह के साथ वर्ष 2008 से मोहाली में रहती है। उसके पति की गांव मे खेती बाडी के साथ-2 आढ़त की दुकान व मोहाली में प्रॉपर्टी डीलर का भी काम करते हैं। दिनांक 21 जून 2021 को उसके पति के पास उसके दोस्त मनजींत सिंह वासी देवीगढ का फोन आया।

उसके पति ने बताया कि उसने मंजीत सिंह से पैमंट लेनी है और वह उसके साथ जा रहा है। उसी दिन उसका पति पर्सनल रिवाल्वर, लाइसैन्स, एक जोडी कपड़े व गाड़ी घर से खुद चलाकर मनजीत सिंह से मिलने के लिए चला गया, फिर वापस नहीं आाया।

पोक्सो एक्ट के आरोपी को सुनाई 20 वर्ष की सजा

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी सोमपाल वासी जिला करनाल को 20 वर्ष कठोर कारावास व 1 लाख रुपए जुर्मानें की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी जयमल ने बताया कि 2 नवम्बर 2024 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना लाडवा एरिया वासी एक महिला ने बताया कि उसके पास 3 बच्चे हैं तथा उसकी लड़की की उम्र 6 साल है। 2 नवम्बर 2024 को उनका रिश्तेदार सोमपाल वासी जिला करनाल उनके घर आया हुआ था तथा ऊपर चोबारे में बैठा हुआ था। उसकी नाबालिग लडकी भी ऊपर चोबारे पर खेल रही थी। समय करीब 6 बजे शाम उसकी नाबालिग लड़की रोती हुई आई और बताया की चोबारे पर बैठे हुए दादा ने उसके साथ गलत काम किया है। उन्होंने इसकी सूचना डायल-112 पर पुलिस को दी।

संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा राज्य शिक्षक पुरस्कार से होंगी सम्मानित


कुरुक्षेत्र। राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द में संस्कृत अध्यापिका के पद पर कार्यरत मीनाक्षी शर्मा को राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयनित किया गया है।



उन्हें यह पुरस्कार उनके द्वारा संस्कृत विषय के किए गए क्रियाकलापो विद्यालय में करवाई गई नवाचार संबंधी गतिविधियों एवं छात्र संख्या में वृद्धि व अन्य उपलब्धियों को देखते हुए दिया गया है। अपनो व्यक्तिगत रुचि के बारे में अध्यापिका ने बताया कि उनकी कविता लिखने में विशेष रुचि है व वे अब तक समाज में जागरूकता लाने से संबंधित व अन्य विषयों पर सैकड़ो स्वरचित कविताएं लिख चुकी है व ह्यकविताओं की उड़ान मीनाक्षी संग ह्य नाम से एक यूट्यूब चैनल भी चलाती है व उन्होंने राज्य शिक्षक पुरस्कार पाने के लिए 2019 से पर्यास करना प्रारंभ किया जिसमे अब जाकर उन्हें सफलता प्राप्त हुई है। उनकी इस उपलब्धि पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजराना कलाँ के प्रिंसिपल एवं कलस्टर हेड सुनील कुमार कौशिक व विद्यालय स्टाफ से किरण कौर, पुष्पा शर्मा, विक्रम, नरेश कुमार, रमन, मनजीत सिंह व सरोज बाला ने विशेष बधाई दी।

राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे गणित प्राध्यापक शीश पाल

कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाही में कार्यरत गणित प्राध्यापक शीश पाल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं एवं विद्यार्थियों के



शैक्षणिक विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उनके सम्मानित होने की सूचना से विद्यालय परिवार और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। शीश पाल ने अपने शिक्षण कार्य के दौरान विद्यार्थियों को गणित विषय को सरल एवं रुचिकर तरीके से समझाने के साथ-साथ उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण, अनुशासन और बेहतर परिणामों में योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शीश पाल को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

फर्जी जीपीए के जरिए 19 लाख रुपये की धोखाधड़ी

- खरीदार को न पैसे मिले न ही संपत्ति
- सेक्टर 9 पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बैंक का कर्ज चुकाने के नाम पर लाखों रुपये लेने के बाद न तो पैसे लौटाए और न ही संपत्ति शिकायतकर्ता के नाम की। आरोपियों ने मिलीभगत कर हिमाचल के बद्दी में फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) तैयार करवा संपत्ति को आगे बेच दिया और 19 लाख हड़प लिए। सेक्टर-9 थाने में पुलिस ने शिकायत और जांच के बाद मुख्य आरोपी समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में शारदा नगर के देस राज ने बताया कि वर्ष 2013 में रजनीश खन्ना ने अपनी संपत्ति के संबंध में उनके साथ समझौता किया था। समझौते के तहत देस राज ने एसबीआई (पूर्व में एसबीओपी) जैन कॉलेज शाखा के ऋण को चुकता करने के लिए 19,00,000 दिए थे। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी रजनीश खन्ना की फर्जी फोटो और हिंदी में जाली हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर तहसील बद्दी (जिला सोलन, हिमाचल) में 15 अक्टूबर 2025 को गुरमीत कौर के पक्ष में एक फर्जी जीपीए तैयार करवा ली गई। इसी फर्जी दस्तावेज पर जीपीए धारक गुरमीत कौर ने पहले अपने पति गुरमीत सिंह के नाम अंबाला में रजिस्ट्री करवाई और बाद में प्रॉपर्टी डीलरों के माध्यम से इसे राजन व अमित की पत्नियों के नाम ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोस्त के नाम से फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर युवक से ठगे 7.50 लाख रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने गांव चंदाखेड़ी निवासी रवि के दोस्त के नाम से फर्जी फेसबुक आइडी बनाकर उससे 7.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ति की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन यमुनानगर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चंदाखेड़ी निवासी रवि कुमार ने बताया कि 23 अगस्त को उसके पास उसके दोस्त के नाम से बनी एक फेसबुक आइडी से संपर्क किया गया। आरोपी ने खुद को उसका दोस्त बताया। रवि ने बताया कि उसका दोस्त विदेश में रहता है। इसी पहचान का फायदा उठाकर आरोपी ने उसको विश्वास में लिया और उससे रुपये हासिल कर लिए। पीड़ित को शुरुआत में इस बात का संदेह नहीं हुआ कि फेसबुक पर संपर्क करने वाला व्यक्ति उसका दोस्त नहीं, बल्कि कोई अज्ञात साइबर ठग है। बातचीत के दौरान आरोपी ने अलग-अलग तरीके से उससे करीब 7.50 लाख रुपये ठग लिए। बाद में जब उसे अपने साथ ठगी का अहसास हुआ तो उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी।

साइबर क्राइम पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की है।

उधर, जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर खुशबीर सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस फेसबुक आइडी, लेनदेन और रुपये भेजे जाने से जुड़े विवरण की जांच कर रही है।

निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने दुकानदारों से कचरा सड़क पर नहीं डालने की अपील की

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच बाजारों को साफ रखने की जिम्मेदारी संभालें मार्केट एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन ने बाजार संगठनों से सहयोग मांगा है। निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने विभिन्न मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बाजारों में कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की। बैठक में पार्षद संकल्प भंडारी और अतिरिक्त निगमायुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से कहा कि वे दुकानदारों को जागरूक करें कि कचरा सड़कों पर खुले में न फेंकें। दुकानदार कचरे को कट्टे, थैले या अन्य उपयुक्त बैग में एकत्र करके रखें, ताकि उसका उठान आसानी से किया जा सके।

बाजारों में खुले में कचरा डालने से गंदगी फैलती है और राहगीरों तथा दुकानदारों को परेशानी होती है। इसलिए बाजार संगठनों को अपने स्तर पर दुकानदारों को जागरूक कर कचरा एक जगह एकत्र करवाना चाहिए।



करनाल। मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करती निगमायुक्त सलोनी शर्मा।

कचरा जलाने से बचें

निगमायुक्त ने कहा कि कुछ स्थानों पर कचरा जलाने की जानकारी सामने आ रही है। कचरा जलाने से धुआं और प्रदूषक तत्व वातावरण में फैलते हैं, जिससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने बाजार संगठनों से कचरा जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में सहयोग मांगा। सलोनी शर्मा ने कहा कि हड़ताल की स्थिति में सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। मार्केट एसोसिएशन से कहा कि हड़ताल समाप्त होने तक वे अपने-अपने बाजार की सफाई व्यवस्था की निजी स्तर पर जिम्मेदारी लें, ताकि बाजारों में गंदगी के ढेर न लगें।

ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचाएं कचरा

निगमायुक्त ने बाजार संगठनों को सुझाव दिया कि वे रेहड़ी या अन्य साधनों के माध्यम से बाजारों का कचरा एकत्र करवाकर ताऊ देवी लाल चौक स्थित ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचा सकते हैं। वहां से आगे कचरे के प्रबंधन और उठान की जिम्मेदारी नगर निगम की रहेगी। निगम की टीमें उपलब्ध संसाधनों के साथ प्राथमिकता के आधार पर कचरा उठाने में जुटी हैं। बाजार संगठन, दुकानदार और आम नागरिक सहयोग करेंगे तो हड़ताल के दौरान भी सफाई व्यवस्था को काफी हद तक सामान्य रखा जा सकेगा।

त्योहारों को देखते हुए विशेष सहयोग की अपील

निगमायुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में त्योहारों के कारण बाजारों में भीड़ और गतिविधियां बढ़ेंगी। ऐसे में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना और जरूरी हो जाता है। उन्होंने सभी बाजार संगठनों से विशेष सहयोग की अपील की।

हादसे में 9 वर्षीय बच्चे की मौत

कुरुक्षेत्र। जीटी रोड पर पिपली में हुए एक हादसे में सिर कुचले जाने से 9 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चा स्कूल से लौटने के बाद खेलने के लिए बाहर गया था, लेकिन वापस नहीं आया, तो परिवार के लोग उसे आसपास तलाशने लगे। इसी दौरान पता चला कि पिपली बस स्टैंड के सामने जीटी रोड पर एक बच्चे का एक्सीडेंट हुआ है और उसे अस्पताल ले जाया गया है। परिवार ने अस्पताल पहुंचकर बच्चे की पहचान की। ये बच्चा उनका बेटा लक्ष्मण था। लक्ष्मण चौथी क्लास में पढ़ता था। लक्ष्मण का परिवार पिपली में गुरुद्वारा वाली गली में किराए के मकान में रहता है लक्ष्मण के पिता दुधनाथ ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के सुलतानपुर जिले के रहने वाले हैं। वह माली का काम करता है। उनके 4 बेटे और 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी अनीता और बड़ा बेटा मोहित शादीशुदा हैं। लक्ष्मण सभी भाई-बहनों में सबसे छोटा था। लक्ष्मण स्कूल से घर आया था और खेलने की बात कहकर घर से बाहर निकल गया। जब काफी समय बीतने के बाद भी लक्ष्मण घर नहीं लौटा तो परिवार को चिंता हुई। इसी दौरान राहगीरों और दुकानदारों ने परिवार को बताया कि पिपली बस स्टैंड के सामने एनएच-44 पर एक बच्चे का एक्सीडेंट हुआ है।

पारिवारिक विवाद के चलते महिला से जेठ ने की मारपीट

यमुनानगर। पारिवारिक विवाद के चलते मॉडल कॉलोनी क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके जेठ द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि जेठ ने पहले कार से उसका पीछा किया और बाद में एक डेयरी पर पहुंचकर उसका बैग छीनकर उसी से उसके सिर पर वार कर दिया। हमले में महिला जमीन पर गिर गई और उसके सिर, कोहनी व हिप पर चोटें आईं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़िता प्रियंका भल्ला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बच्चे के लिए सामान लेने स्कूटी से घर से निकली थी। रास्ते में उसे लगा कि एक कार उसका पीछा कर रही है। कार में उसके जेठ सचिन भल्ला और जेठानी सवार थे। सुरक्षा के लिए उसने रास्ता बदल लिया, लेकिन कार उसका पीछा करती रही।

घर में घुस कर महिला के साथ मारपीट

यमुनानगर। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर महिला से मारपीट, छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ दिए गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक को नामजद करते हुए कुछ अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ति महिला ने बताया कि 25 अगस्त की शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपने घर पर थी। आरोप है कि इसी दौरान हारुन उर्फ गगन और उसके साथ आए कुछ अन्य युवक घर में घुस गए। आरोपियों ने उसके साथ जोर-जबरदस्ती करते हुए धक्का-मुक्की की और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए।

ऑटो म्यूटेशन से राजस्व सेवाओं में आएगी पारदर्शिता

करनाल। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राजस्व सेवाओं को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में ऑटो म्यूटेशन व्यवस्था लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य केवल इंतकाल की प्रक्रिया में बदलाव करना नहीं, बल्कि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना और राजस्व व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि ऑटो म्यूटेशन व्यवस्था में रजिस्ट्रेशन के बाद म्यूटेशन पटवारी के लॉगिन में रहेगी और आवश्यक कार्रवाई के लिए चार दिन का समय दिया जाएगा। पांचवें दिन यदि पटवारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो म्यूटेशन स्वतः कानूनगो के लॉगिन में चली जाएगी। कानूनगो को आवश्यक कार्रवाई के लिए दो दिन का समय मिलेगा।

न्यूज डायरी

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मंथन

करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े 15 पुराने और 3 नए मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल वाहनों की नियमित जांच जारी रखें। जांच के दौरान अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, मार्केट कमेटी और जिला परिषद के अधीन आने वाली सड़कों की समय-समय पर मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में उठाए जाने वाले मामलों को गंभीरता से लिया जाए और उन पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने नए एजेंडों में शामिल गांव अरजेहड़ी के नजदीक रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बने अवैध कट को बंद करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ऊंचा समाना-कुटैल रोड पर बने बड़े गड्ढों को भरने तथा जिले के अन्य सड़क मार्गों के ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। आरटीए विजय देशवाल ने बताया कि पुलिस ने जुलाई 2026 में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 35,484 चालान काटे। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा, एसडीएम असंध सुमित सिहाग, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, आरटीओ विजय देशवाल, समिति के गैर सरकारी सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस ने निकाली विकास की शवयात्रा



करनाल। विकास के दावों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहरी ने गुरुवार को रोष प्रदर्शन किया और 'विकास की शवयात्रा' निकालकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहर की समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की और कहा कि वर्षों से किए जा रहे विकास के दावों और शहर की जमीनी स्थिति में बड़ा अंतर है। जिलाध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन आज शहर टूटी सड़कों, गड्ढों, जलभराव, बदहाल सीवेज, गंदगी और अव्यवस्थित यातायात जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं तो विकास के नाम पर खर्च किए गए पैसे और किए गए दावों का हिसाब जनता को कौन देगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी, कर्मचारी, युवा और आम परिवार अलग-अलग समस्याओं से परेशान हैं। युवाओं के सामने रोजगार की चुनौती है, जबकि महंगाई से आम परिवार प्रभावित हैं। सरकारी कार्यालयों में लोगों को सुविधाओं के लिए चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरकारी स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शन में जोगिंदर वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दिलशेर डाचर, तरुण चौहान, ललित आहूजा, संदीप महाजन, अशोक डाबरा, हरिराम सांबा, निश्चय सोई, पप्पू लाठर, राजेश चौधरी, हरपाल कलामपुरा, अमर सिंह रंधावा, रजत लाठर, सुमित मदान, नवनीत रंधावा, जगजीत सिंह बिट्टू, निर्मल सटोंडी, बलराज सरपंच, विनोद ततोरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाविप ने किया राखी प्रतियोगिता का आयोजन



घरौंडा। भारत विकास परिषद शाखा घरौंडा द्वारा हसनपुर रोड पर निजि पब्लिक स्कूल घरौंडा में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख कीर्ति सचदेवा, निशा राणा,आरती गुप्ता रहे इस प्रतियोगिता के विजेता कनिष्ट वर्ग मे प्रथम स्थान पर भूमिका,द्वितीय स्थान पर माही तृतीय स्थान पर रेहान तथा वरिष्ठ वर्ग मे प्रथम स्थान पर तम्मना , द्वितीय स्थान पर योगी तृतीय स्थान पर कृतिका रहे इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष संजय सचदेवा शाखा सचिव सुरेंद्र राणा शाखा निवर्तमान सचिव ,दीपक शर्मा , हरीश गर्ग तथा पखवाड़ा प्रमुख आशीष गुप्ता पखवाड़ा प्रमुख पूनम कुमारी महिला सहभागिता ममता गर्ग, सुजीत कुमार, मोहन राणा,रानी राणा इंदिरा गर्ग सुषमा पाल निशा राणा, कीर्ति सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

कारसा रोड पर अतिक्रमण व गंदगी से परेशानी

नीलोखेड़ी। कारसा रोड नीलोखेड़ी स्थित एक हलवाई की दुकान के आसपास किए गए कथित अतिक्रमण और फैलाई जा रही गंदगी से क्षेत्र के अन्य दुकानदारों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि हलवाई का कार्य करने वाले दुकानदार द्वारा दुकान के आसपास सार्वजनिक स्थान पर सामान फैलाकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे सडक और आसपास का क्षेत्र संकरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान के आसपास फैलाई जाने वाली गंदगी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। इससे आसपास के दुकानदारों को अपना कारोबार करने में परेशानी हो रही है, वहीं सडक से गुजरने वाले राहगीरों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि कई बार दुकान के आसपास जमा होने वाले कचरे और गंदगी की सफाई नहीं होने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के दुकानदारों ने बताया कि इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायत की जा चुकी है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक संबंधित दुकानदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

तरावड़ी में बेसहारा पशुओं के खिलाफ अभियान

तरावड़ी। शहर में बढ़ती बेसहारा पशुओं की समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। नगर पालिका की ओर से गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख सडकों पर अभियान चलाकर 36 से अधिक बेसहारा सांडों, गायों और अन्य पशुओं को पकड़ा गया। पकड़े गए पशुओं को सुरक्षित रूप से गौशाला में भिजवाया गया। नगर पालिका प्रशासन की टीम ने अंजनथली रोड, गुरुद्वारा एरिया, दयानगर, वार्ड नंबर 8, वार्ड नंबर 10, नगर पालिका रोड तथा रेलवे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाया। इसके लिए विशेष गोवंश सहायता वाहन की मदद ली गई और घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकडक़र गौशाला पहुंचाया गया। शहर की सडक़ों पर बेसहारा सांडों और अन्य पशुओं के घूमने से आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। नगर पालिका के इस अभियान से लोगों को उम्मीद है कि सडक़ों पर घूमने वाले पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी और यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।

शिव कांवड़ संघ ने बांटा मीठे चावल का प्रसाद

तरावड़ी। रक्षाबंधन एवं पूर्णिमा के पावन अवसर पर शिव कांवड़ संघ तरावड़ी की ओर से शहर की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान करनाली गेट स्थित माता के मंदिर में श्रद्धालुओं को मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान शिव कांवड़ संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर माता रानी से तरावड़ी शहर सहित क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और परिवारों में आपसी भाईचारे की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

रक्षाबंधन पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया

तरावड़ी। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तरावड़ी में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर राखी के रंगों और भाई-बहन के प्रेम से सजा हुआ था। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें राखी मेकिंग प्रतियोगिताः छात्रों ने रंग-बिरंगे धागों, मोती और चमकीले कागज से सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। थाली डेकोरेशन प्रतियोगिताः बहनों ने पूजा की थालियों को फूलों, कुमकुम और दीयों से सजाया। कार्ड और गिफ्ट मेकिंगः छोटे बच्चों ने अपने भाइयों के लिए शुभकामना कार्ड बनाए।

उत्सव और सुरक्षा का महापर्व रक्षाबंधनः विभा

तरावड़ी। एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा राखी बनाओ , थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय का वातावरण रंग-बिरंगी राखियों, बच्चों की खुशियों और उत्सव की उमंग से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विभा कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व पर सुंदर विचार एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं।

अवैध खनन के मामले में जल्द गिरफ्तारी के निर्देश

अवैध खनन पर 24 घंटे नजर रखेगी संयुक्त टीम

- ओवरलोड वाहनों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश
- उपायुक्त डॉ. आनंद ने खनन को लेकर मासिक बैठक ली

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶|करनाल

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को जिला सचिवालय सभागार में खनन को लेकर मासिक बैठक हुई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस, माइनिंग, एनफोर्समेंट और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम अवैध खनन रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी करेगी।

उन्होंने अगस्त माह में अवैध खनन के मामले में साजिद अली के खिलाफ दर्ज एफआईआर में जल्द गिरफ्तारी तथा 25 लाख रुपये का जुर्माना नहीं भरने पर संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में खनन क्षेत्रों का निरीक्षण करने तथा ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। जिला खनन अधिकारी सांची ने बताया कि एक से 27 अगस्त तक अवैध खनन में लिप्त नौ वाहनों को जब्त किया गया और 22 हजार 250 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस अवधि में अवैध खनन के खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज कराई गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को कार्रवाई में तेजी लाने और अवैध खनन पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



करनाल। खनन संबंधी मासिक बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

गांव की फिरनी के काम मिशन मोड में पूरे करें


करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को जिला में लाइब्रेरी, शिवधाम, गांव की फिरनी, सचिवालय और व्यायामशालाओं से संबंधित कार्य मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए और हर सप्ताह धरातल पर प्रगति दिखाई दे। डीसी ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि ये कार्य आमजन और युवाओं की सुविधाओं से जुड़े हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बीडीपीओ को नियमित फील्ड विजिट कर कार्यों की प्रगति जांचने तथा जहां काम शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कार्यों को पूरा करवाने में प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उन्होंने बच्चों के लिए नए बेंच की आवश्यकता वाले स्कूलों तथा मरम्मत योग्य पुराने बेंचों की स्कूलवार सूची जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकतानुसार आगामी 10 दिनों में बेंचों की मरम्मत करवाकर स्कूलों में उपलब्ध करा दिए जाएंगे। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, डिप्टी सीईओ रोजी रंगा, डीडीपीओ कंचन लता, परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी धर्मपाल, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व पंचायती राज के एसडीओ मौजूद रहे।

हर जिला परिषद वार्ड में बनेगा खेल स्टेडियम

करनाल। जिला परिषद ने ग्रामीण विकास के साथ-साथ प्रत्येक वार्ड में एक खेल स्टेडियम और मॉडल स्कूल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन कार्यों को जिला परिषद फंड से करवाने का प्रस्ताव है। गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जाएगी।डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में ग्रामीण विकास से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि सुरेंद्र उडाना और वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि धीरज खरकाली ने जिला परिषद के विजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिषद ग्रामीण विकास के साथ शिक्षा, खेल और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना चाहती है तथा इनके लिए संबंधित विभागों से भी वित्तीय सहयोग अपेक्षित है। डीसी ने प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि जिला परिषद की पहल अच्छी है। उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की सूची विवरण सहित उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द एस्टिमेट तैयार करवाकर स्वीकृति के बाद कार्य शुरू करवाए जा सकें। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, डिप्टी सीईओ रोजी रंगा, डीडीपीओ कंचन लता, परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी धर्मपाल, खंड शिक्षा अधिकारी, आदि मौजूद रहे।

नशे से दूर रहने का संकल्प



करनाल। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत आर्य कन्या गुरुकुल तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार, आईपीएस के दिशा-निर्देशों तथा राजेंद्र कुमार मीणा, आईपीएस, पुलिस उपमहानिरीक्षक के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल से जागरूकता संदेश लेकर पहुंचे जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में प्रत्येक नागरिक की भूमिका जरूरी है और नारी शक्ति परिवार व समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा सकती है। नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा तस्करी की जानकारी नशा तस्करी विरोधी हेल्पलाइन 1933 अथवा 9050891508 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, "यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती—खा ले मेरे बच्चा।"

नेतृत्व और टीम प्रबंधन के गुर सीखे



करनाल। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी की ओर से विस्तार अधिकारियों के लिए नेतृत्व और टीम प्रबंधन विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम 24 से 27 अगस्त 2026 तक चला। प्रोफेसर बी. आर. काम्बोज, कुलपति, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन और डॉ. नरेश कौशिक, निदेशक (विस्तार शिक्षा) के दिशा-निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में हरियाणा, पंजाब, बिहार, उत्तराखंड एवं झारखंड से 28 विस्तार अधिकारियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण में लक्ष्य निर्धारण एवं टीम उत्तरदायित्व, आत्म-नेतृत्व, व्यक्तित्व की अवधारणा एवं प्रकार, टीम निर्माण व विकास, सोशल मीडिया की भूमिका, नेतृत्व की शैलियां, विवाद प्रबंधन तथा प्रभावी प्रशिक्षण आयोजन के लिए प्रेरक तकनीकों जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय अंबाला के जनसंचार विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग, भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल तथा राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए।

एनकाउंटर की जांच के लिए एसआईटी मौके पर पहुंची, अहम तथ्य जुटाए

बीरू हत्याकांड के बाद हर्ष-बीरबल की मुठभेड़ में मौत का मामला,

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶|करनाल



बीरू हत्याकांड के बाद हर्ष और बीरबल के एनकाउंटर को लेकर उठे सवालों की जांच अब तेज हो गई है। एनकाउंटर की जांच के लिए स्टेट क्राइम ब्रांच की एसआईटी आज मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर अहम तथ्य जुटाए। टीम ने मौके की परिस्थितियों को समझने के साथ पुलिस द्वारा बताए गए घटनाक्रम से जुड़े बिंदुओं की जानकारी ली। अब जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि 6 अगस्त को घोघड़ीपुर-पश्चिमी यमुना नहर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान वास्तव में क्या परिस्थितियां बनी थीं। एसआईटी की जांच का दायरा केवल घटनास्थल तक सीमित नहीं रहेगा। पुलिस की कार्रवाई, मौके की परिस्थितियों और घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं को भी जांच में शामिल किया जाएगा। एडीजीपी संजय कुमार की अध्यक्षता में गठित एसआईटी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। टीम में एडीजीपी राजेश कुमार, स्टेट क्राइम ब्रांच गुरुग्राम के डीसीपी पंचकुला रजनीश कुमार, इंस्पेक्टर शिवचरण, एएसआई विनोद और एएसआई विजय शामिल हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और एनकाउंटर से जुड़े अहम तथ्यों को जुटाया।

चीनी मिल कर्मचारियों को सौगात एक की पदोन्नति, तीन हुए पक्के



करनाल। सहकारी चीनी मिल करनाल की प्रबंध निदेशक अदिति ने यूनियन की मांग को पूरा करते हुए राखी के पावन पर्व पर एक कर्मचारी की पदोन्नति तथा तीन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के आदेश जारी किए। कर्मचारी श्री विनोद कुमार को सेवादार के पद से दफ्तरी के पद पर पदोन्नति देकर नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों श्री ओमप्रकाश, श्री करनैल और श्री सुरेश को पक्का कर नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इससे मिल कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। नव नियुक्त कर्मचारियों और दी शुगर मिल कर्मचारी यूनियन ने प्रबंध निदेशक अदिति का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर यूनियन प्रधान राकेश कुमार, महासचिव गुरमीत सिंह, कर्मचारी पूर्व निर्देशक राजपाल लाठर, दासी शिवा राजू, रणधीर सिंह राणा, प्रदीप कुमार मुख्य लेखा अधिकारी, वीरेंद्र बल्हारा सेल्स मैनेजर, अनिल वर्मा उप मुख्य लेखा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

मेयर ने पार्षदों से मांगी वार्डों में सर्वे से छूटे क्षेत्रों की जानकारी

कॉलोनियों के अधिकृत होने की प्रक्रिया में तेजी

- 2023 में 8 और 2026 में 5 कॉलोनियां हुईं अधिकृत

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶|करनाल



नगर निगम क्षेत्र की अधिकृत एवं अधिकृत होने की प्रक्रिया में शामिल कॉलोनियों को लेकर मेयर रेणु बाला गुप्ता की अध्यक्षता में पार्षदों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सरकार की वर्ष 2023 में जारी कॉलोनियों को अधिकृत करने संबंधी नीति के प्रावधानों और प्रक्रिया के बारे में पार्षदों को विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में निगमायुक्त सलोनी शर्मा, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा, भवन निरीक्षक दलबीर सिंह तथा वास्तु विशेषज्ञ गुरप्रीत कौर मौजूद रहे। किसी कॉलोनी को अधिकृत करने से पहले निर्धारित मापदंडों और विभिन्न पहलुओं की जांच की जाती है। पार्षदों को उनके वार्ड में अधिकृत हो चुकी कॉलोनियों तथा जिन कॉलोनियों की फाइलें प्रक्रिया में हैं, उनकी स्थिति से भी अवगत करवाया गया। उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में वर्ष 2023 के दौरान 8 कॉलोनियां और वर्ष 2026 में 5 कॉलोनियां अधिकृत हुई हैं। इसके अलावा 14 कॉलोनियों की फाइलें मंडल आयुक्त कार्यालय को भेजी गई हैं। वहां से इन्हें आगामी प्रक्रिया के लिए मुख्यालय भेजा जाएगा।6 कॉलोनियों की फाइलें निर्धारित शर्तें पूरी नहीं करने के कारण आगे नहीं भेजी गईं, जबकि 4 कॉलोनियों को शर्तें पूरी नहीं होने के कारण शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने अस्वीकार किया है।

96 शेष पैचों पर भी आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

नेहरा ने बताया कि शहर में बचे 96 पैचों को भी संबंधित स्तर पर भेजा गया है। इन पर उच्च स्तर पर फेज-1 और फेज-2 के तहत प्रक्रिया होगी। इनमें 83 पैचों की पहचान शहरी स्थानीय निकाय विभाग तथा 13 पैचों की पहचान नगर निगम ने की थी। फिलहाल फेज-1 में शामिल पैचों को अधिकृत करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

न्यूज डायरी

रेजिन आर्ट से छात्राओं को स्वरोजगार की राह



करनाल। राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल के प्लेसमेंट एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की ओर से उद्यमिता पखवाड़े के तहत छात्राओं के लिए रेजिन आर्ट एवं सीएमए विषय पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध रेजिन आर्ट कलाकार सुश्री अलका जैन ने छात्राओं को रेजिन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को रेजिन आर्ट के माध्यम से रचनात्मक उत्पाद तैयार करने तथा इसे स्वरोजगार एवं व्यवसाय के रूप में अपनाने की संभावनाओं की जानकारी दी। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेते हुए स्वयं रेजिन आर्ट का अभ्यास किया। इसके साथ ही छात्राओं के लिए सीएमए यानी कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को सीएमए के क्षेत्र, करियर की संभावनाओं तथा रोजगार एवं व्यावसायिक अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्राओं में रचनात्मकता, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देती हैं। पढ़ाई के साथ व्यावहारिक कौशल हासिल करने से छात्राओं के लिए स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर खुलते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. शिवांशी के मार्गदर्शन में किया गया। छात्राओं ने दोनों गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में गूंजा लोकतंत्र का स्वर



करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी में 26 अगस्त को मॉक पार्लियामेंट सत्र का भव्य एवं ज्ञानवर्धक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला आरक्षण विधेयक—नारी शक्ति वंदन अधिनियम रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संसद सदस्यों की भूमिका निभाते हुए विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। युवा सांसदों ने विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर उत्साहपूर्वक और प्रभावशाली ढंग से चर्चा की। विस्तृत बहस के बाद विधेयक को भारी बहुमत से पारित किया गया। विद्यार्थियों ने सांसदों की भूमिका को गरिमापूर्ण ढंग से निभाते हुए आत्मविश्वास, वक्तृत्व कौशल, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण से पूरा सत्र वास्तविक संसद की कार्यवाही जैसा प्रतीत हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन, मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। मॉक पार्लियामेंट विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक सीखने का अनुभव रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत किया।

खेलों से बनता है अनुशासित और सशक्त युवा : रेणु


करनाल। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दयाल सिंह कॉलेज में आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सहभागिता की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को एकाग्रता से सुना। इस दौरान युवाओं, विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के साथ खेलों के महत्व, प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने तथा खेलों में भविष्य की संभावनाओं को लेकर सार्थक संवाद किया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। आज देश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर अवसर और मंच उपलब्ध हो रहे हैं। 'खेलो इंडिया' जैसे प्रयासों से ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों को भी अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। हमारा लक्ष्य केवल अच्छे खिलाड़ी तैयार करना नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार युवा तैयार करना भी होना चाहिए। कार्यक्रम में एडीसी राहुल रैया, दयाल सिंह कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अशिमा गक्खड़, जिला युवा अधिकारी अंजलि चौधरी, गर्ल्स कॉलेज दादूपुर रोड़ां की प्राचार्या अनिता जून सहित अन्य उपस्थित रहे।

महापौर ने वैद्य देवेंद्र बत्रा से की आत्मीय भेंट




करनाल। समीपवर्ती गांव कुलवेहड़ी में सेवा, सामाजिक सरोकार और आत्मीयता से जुड़ा मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सुप्रसिद्ध वैद्य एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित देवेंद्र बत्रा से आत्मीय भेंट की। उन्होंने उनके दीर्घकालीन सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान महापौर ने देवेंद्र बत्रा को अपने हाथों से केक खिलाकर उनके स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की। समाज में ऐसे व्यक्तित्वों का विशेष महत्व है, जो अपने ज्ञान, अनुभव और सामर्थ्य को केवल अपने तक सीमित न रखकर जनसेवा के लिए समर्पित करते हैं। वैद्य देवेंद्र बत्रा ने चिकित्सा के साथ-साथ सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जिस समर्पण और आत्मीयता के साथ अपनी भूमिका निभाई है, वह दूसरों को भी सेवा के लिए प्रेरित करती है। समाज को आगे बढ़ाने में ऐसे सेवाभावी लोगों का योगदान हमेशा याद रखा जाता है।

भाषण प्रतियोगिता में देवांशी प्रथम रही



करनाल। भारत विकास परिषद कर्ण शाखा एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में परिषद के सांस्कृतिक पखवाड़े के अंतर्गत 'श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन, बलिदान एवं शिक्षाएं' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में करीब 18 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपने ओजस्वी भाषणों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के महान जीवन, अद्वितीय बलिदान तथा मानवता, धर्म और सत्य के प्रति उनके आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरदार गुलाब सिंह मुनक मुख्य अतिथि तथा रिचा चावला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सरदार गुलाब सिंह मुनक ने छात्राओं को गुरु तेग बहादुर जी के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु जी का जीवन समाज को निस्वार्थ सेवा और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। भारत विकास परिषद कर्ण शाखा की अध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन और उनका बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, सत्य, मानवता और सर्वधर्म रक्षा का अमर संदेश है। युवाओं को उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। प्रतियोगिता में देवांशी ने प्रथम, निकिता ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को भारत विकास परिषद कर्ण शाखा की ओर से मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ सदस्य कपिल अत्रेजा, डॉ. आशीष पसरीचा, प्रणव जावा, सीमा जावा, डॉ. रचना चौधरी, विवेक अत्रेजा, नीरू अत्रेजा, अजय आर्य, अभय अरोड़ा और ज्योति चौधरी मौजूद रहे।

खेलों से नेतृत्व और अनुशासन का होता है विकास



करनाल। पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'खेलो इंडिया संवाद—खेल की बात, पीएम के साथ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैरा फेंसिंग की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रेखा और राजीव मुख्य अतिथि रहे, जबकि म्युनिसिपल काउंसलर आश्रया कुमार तथा कॉमर्स विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं पैरा शूटिंग की राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. विजय लक्ष्मी विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल गर्ग ने की। मंच संचालन प्रोफेसर डॉ. नवीन बत्रा ने किया। कॉलेज सभागार में एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। सैकड़ों विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों और युवा खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, 'फिट इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने और खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनिल गर्ग ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए माय भारत खेल समिति और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी की सराहना की। महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी एवं कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार की ओर से विशेष परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया।

खबर संक्षेप

पेंटर के दो हत्यारोपी पकड़े, रिमांड पर लिया

पानीपत। सीआईए वन पुलिस टीम ने थाना तहसील कैंप क्षेत्र की इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी सोनू की पीटकर हत्या करने के दो आरोपियों तुषार निवासी विजय नगर व विजय उर्फ बिल्लू निवासी हरि सिंह कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। थानेदार सीआईए वन वीरेंद्र ने बताया कि सोनू की हत्या के मामले में थाना तहसील कैंप में उसके जीजा सुल्तान निवासी जींद की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, सोनू हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए पुलिस ने आरोपी तुषार को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

मनाना में शामलात भूमि से कब्जा हटवाया

समालखा। पानीपत के गांव मनाना में पंचायत की साढ़े चार एकड़ शामलात जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटवा दिया। वीरवार को गुरुवार को पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए भूमि में बोई गई धान की फसल को जेसीबी की मदद से पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। साथ ही पंचायत जमीन से कब्जा हटवाया गया।

एसडी मंदिर में भागवत कथा का शुभारंभ

पानीपत। पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में वीरवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन मंदिर प्रांगण से दिव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके साथ ही विधिवत पूजन एवं वेदी स्थापना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान तरुण गांधी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

समाजसेवी डॉ. शंकर को श्रद्धांजलि दी

इसराना। प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. शंकरलाल की छठी पुण्यतिथि पर राम नारायण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव इसराना में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के बैनर तले 'विज्ञान का महत्व' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वीर सिंह, कुलदीप धीमान, डॉ. शंकरलाल की धर्मपत्नी निर्मला देवी, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव मदनपाल छौकर, वेदपाल, सतीश चौहान, प्राचार्य रणधीर जागलान, हर्ष जागलान, भूपेंद्र जागलान, डॉ. नवमीत, प्रवीण कुमार आदि ने डॉ. शंकरलाल को श्रद्धांजलि दी।

निगम की टीम ने संजय पार्क का किया निरीक्षण

पानीपत। नगर निमग कमिश्नर डॉ पंकज यादव के निर्देश पर निगम की टीम ने कृष्णपुरा के संजय पार्क का निरीक्षण किया। वहीं स्मरणीय है कि कृष्णपुरा आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधिमंडल ने पार्क की समस्याओं को लेकर आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें वास्तुस्थिति की जानकारी दी थी। वहीं, कृष्णपुरा आरडब्ल्यूए के सचिव यशपाल पंवार निगम की टीम को पार्क की समस्याओं की जानकारी दी।

शैक्षणिक व्यवस्था पर छात्रों को जागरूक किया

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में बीए व बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न सुविधाओं, छात्र हितैषी प्रकोष्ठों एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह ने किया कार्यक्रम में डॉ. पूनम मदान, कनक, डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. किरण मदन, डॉ. राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया।

बिजली संकट से नागरिक परेशान

समालखा। श्री तारा एंक्लेव कालोनी में पिछले दो माह से जारी बिजली संकट के विरोध में कालोनी निवासियों ने यूएचबीवीएन के एसडीओ नरेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। वहीं, ज्ञापन देने वालों में आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर, प्रधान सुभाष रमन, महासचिव जगबीर पंवार, सुखबीर सिंह, अजित कुमार, अश्वनी त्यागी, आकाश दीप आदि उपस्थित रहे।

एसडी कॉलेज में विद्यार्थियों के कल्याण के लिए हुआ रूद्राभिषेक

विश्व कल्याण का संदेश देते हैं सनातन संस्कार : गोयल





पानीपत। एसडी कॉलेज में रूद्राभिषेक में भाग लेते प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा व यज्ञ में आहुति डालते हुए एसडी एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों और सम्पूर्ण मानव के कल्याण हेतु रुद्राभिषेक, हवन एवं अनुष्ठान का मंगलमयी आयोजन हुआ। वहीं, श्रावण मास के पवित्र महीने सनातन धर्म संस्था ने इस आयोजन के माध्यम से भगवान शिव की अराधना कर कॉलेज में पढने वाले अपने हर विद्यार्थी और सर्व जन के उज्जवल भविष्य, सुनहरे व्यक्तित्व और कल्याण की कामना की गई। श्री एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि) पानीपत के प्रधान अनूप कुमार, एसडी विद्या मन्दिर हुडा के चेयरमैन सतीश चंद्रा, एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल एवं उनके पौत्र केशव गुप्ता व माधव गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, एसडी सीनियर स्कूल के ऑडिटर सूरज प्रकाश गुप्ता, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, समस्त टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ सदस्यो तथा नए एवं पुराने विद्यार्थियो ने हवन एवं अनुष्ठान में श्रद्धा से भाग लेकर भगवान शिव की सच्चे मन से अराधना की और मां सरस्वती से सभी के जीवन में ज्ञान के प्रकाश का आह्वान किया गया। इधर, अनूप कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में रुद्राभिषेक एक अत्यंत पवित्र वैदिक विधि व धार्मिक परंपरा मानी जाती है। दिनेश गोयल प्रधान ने कहा की शिक्षा-दीक्षा से पावन कोई कार्य नहीं है। वहीं, हर विद्यार्थी को सतानत संस्कार ग्रहण करने चाहिए, सतानत संस्कार विश्व कल्याण का संदेश देते है। सतीश चंद्र ने कहा कि एसडी पीजी कॉलेज की हरियाणा में सशक्त पहचान है।

एसडी पीजी कॉलेज की पूरे हरियाणा में है सशक्त पहचान : सतीश चंद्र

पुलिस कप्तान ने डायल-112 राइडर्स का किया निरीक्षण

पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाने के दिए दिशा-निर्देश

सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतर्कता के साथ करें गश्त कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने वीरवार को जिला सचिवालय परिसर में डायल-112 राइडर्स का निरीक्षण किया। उन्होंने राइडर्स पर तैनात पुलिसकर्मियों से ड्यूटी व्यवस्था की जानकारी लेकर समीक्षा की और पूरी मुस्तैदी, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए । इस दौरान यातायात उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। वहीं, एसपी सिंह ने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालें और जरूरत के अनुसार संबंधित थाना पुलिस को भी सूचित करें। क्षेत्र में लगातार और प्रभावी गश्त करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की आगामी त्योहारी सीजन में बड़ी सख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजारों में आएगे। आमजन को बेहतर व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त करे। स्मरणीय है कि हरियाणा पुलिस की ओर से पानीपत को 10 नए टू व्हीलर डायल-112 राइडर्स मिले है। वहीं, टू-व्हीलर राइडर्स के माध्यम से संकरी गलियों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और जाम वाले क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच को और तेज किया जा रहा है।



पानीपत। पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह डायल-112 राइडर्स का निरीक्षण करते हुए।

नगर निगम आयुक्त ने आधी रात को जांचा शहर

पानीपत। नगर निगम की कार्यशैली को सुधारने और शहर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निगम कमिश्नर डॉ. पंकज यादव ने बुधवार की देर रात को नागरिकों के नींद में लीन व बाजार बंद होने के बाद पानीपत की सड़कों का निरीक्षण किया। डॉ पंकज के इस औचक निरीक्षण से नगर निगम के लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। वहीं, निरीक्षण के दौरान डॉ यादव ने कहा कि हड़ताल के बावजूद शहर में अगर सफाई व्यवस्था सुचारु है तो इसका श्रेय पानीपत के पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह को दिया। डॉ पंकज ने कहा कि नगर निगम लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए हर कदम पर एसपी सिंह ने पुलिस मुहैया करवाई है। वहीं, आयुक्त ने साफ कहा कि कामकाज में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर जुर्माना किया जाएगा और उसकी कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

मिनी बाईपास के निर्माण को लेकर टीम ने हटाए अवैध कब्जे

■ तीस पक्के कब्जे व 207 अवैध कब्जों को हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत में जिला सचिवालय के पास से लेकर हुडा सेक्टर -25 हनुमान मंदिर रोड तक बनने वाले पांच किलोमीटर लंबे मिनी बाईपास की भूमि पर अवैध कब्जे कर बनाए गए भवनों को नगर निगम की टीमें तेजी से गिरा रही है। जबकि निगम की टीम के साथ पुलिस बल भी साथ चल रहा है। वहीं, अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान कई जगहों पर कब्जेधारियों ने नगर निगम की टीम का विरोध किया, कई लोगों ने रजिस्ट्री का हवाला देते हुए कोर्ट जाने की बात कही तो कुछ लोगों ने मोहलत की मांग को लेकर हंगामा करने का प्रयास किया। वहीं, ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जों को तेजी से हटाया या जा रहा है। अभी तक तीस पक्के कब्जे हटाए गए और 207 अवैध कब्जों भी हटाया जाएगा। इधर, नगर निगम कमिश्नर डॉ. पंकज यादव ने कहा कि ड्रेन एक पर चिंहित किए गए हर कब्जे को हटाया जाएगा।



पानीपत। ड्रेन वन से अवैध कब्जे गिराते हुए जेसीबी।

पार्षद सरोज ने पौधे रोपे

पानीपत। नगर निगम के वार्ड आठ की पार्षद सरोज वर्मा व उनके पति पूर्व मेयर सुरेश वर्मा ने कुटानी रोड पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए। सरोज व सुरेश ने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अभियान से कुटानी रोड को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया गया।

वृंदा एन्क्लेव में पौधे रोपे

पानीपत। ग्रीन मिशन पानीपत के बढ़ते कदमों के तहत हुडा सेक्टर-13, वृंदा एंक्लेव निवासी किशन रेवड़ी व मंजू रेवड़ी ने अपनी शादी की 30वीं सालगिरह पर पार्क में पौधे रोपे। वहीं, दंपति ने रोपे गए पौधों की जवान होने तक देखभाल करने का संकल्प भी लिया। मौके पर नितितन अरोड़ा, दिनेश बंसल, राम मेहर कौशिक, ललित नागपाल, डॉ.रमेश सिंगला, कैप्टन सुरेश भारद्वाज, जगन्नाथ गुरदित्ता, अंशुल बजाज, अविनाश गिरधर, संजीव चुघ, सिमरन बंसल भी रहे।

कर्पूरी ठाकुर ने शोषित समाज को सम्मान से जीना सिखाया : योगेश राजलीवाल

■ पानीपत में जननायक कर्पूरी ठाकुर शोध संस्थान की बैठक, कर्पूरी के नाम से होगी शोध संस्थान की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

भारत रत्न एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की स्मृति में संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन 29 अगस्त को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में होगा। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर जननायक कर्पूरी ठाकुर शोध संस्थान द्वारा पानीपत में बैठक की गई। आयोजन समिति के सदस्य योगेश राजलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में समाज सेवा एवं अन्य क्षेत्र में किसी भी रूप में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

वहीं कार्यक्रम में मांग रखी जाएगी कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के नाम से शोध संस्थान की स्थापना की जाए। उन्होंने बताया कि कर्पूरी ठाकुर ने ताउम्र शोषित, वंचित और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए निष्काम सेवा की है। बैठक में आर्किटेक्ट पवन लाकड़ा, अशोक डोलिया, सोनू सैन, सुरेंद्र काकरान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। जननायक कर्पूरी ठाकुर शोध संस्थान के पदाधिकारी बैठक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

संचालकों ने डेयरियों के स्थानांतरण का विरोध किया

■ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, गांव बिंझौल में प्लाट देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

निगम क्षेत्र में प्रदूषण, गंदगी, नाले, सीवर जाम होने का पर्याय बन चुकी दूग्ध डेयरियों को शहर से बाहर किए जाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। निगम ने अवैध तरीके से चल रही दूग्ध डेयरियों को 15 दिनों के अंदर शहर से बाहर ले जाने की चेतावनी दी है। इधर, डेयरी संचालकों के प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ से मिला और ज्ञापन देकर 15 दिन में शिफ्टिंग के आदेश पर पुनर्विचार करने और 2002-2003 में आवंटित प्लॉटों के फर्जीवाड़े की जांच करवाने व असल डेयरी संचालकों को गांव बिंझौल में भूमि देने की गुहार लगाई है। वहीं, दूग्ध डेयरी संचालकों के प्रधान गुलशन कुमार ने कहा कि करीब तीन साल पहले नगर निगम ने एक पॉलिसी बनाई थी, जिसके तहत निगम को प्रत्येक डेयरी से डोर-टू-डोर गोबर उठाने की व्यवस्था करनी थी और इसके एवज में डेयरी संचालकों से तय शुल्क लिया जाना था। वहीं, डेयरी संचालक इस शुल्क को देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, इसलिए निगम इस पॉलिसी को तुरंत प्रभाव से लागू करे। तब तक वे अपनी डेयरियों के आसपास साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे और निगम के सभी नियमों का पालन करेंगे।



पानीपत। जिला सचिवालय में पहुंचे दुग्ध डेयरी संचालक।

डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करेंगे: डॉ. पंकज

निगम के आयुक्त डॉ पंकज यादव ने कहा कि निगम क्षेत्र में करीब 350 अवैध डेयरियां चल रही है। उन्होंने साफ किया कि संचालकों को अपनी डेयरियों को शहर के बाहर शिफ्ट करना होगा। ऐसा नहीं करने पर एक माह बाद सभी डेयरियों के बिजली व पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डेयरी शिफ्टिंग के लिए संचालकों को एक माह से एक दिन भी अधिक नहीं दिया जाएगा।

रक्षाबंधन आपसी स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का त्योहार : अनु वत्स

■ बाल भवन में हर्षोल्लास से मनाया रक्षा बंधन पर्व उत्सव, बेटियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

बाल भवन में रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ हरीश वशिष्ठ की धर्मपत्नी अनु वत्स ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वयं सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से बच्चों की डांस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अनु वत्स ने बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि बाल भवन में बच्चों ने जिस उत्साह और रचनात्मकता के साथ राखियां तैयार कीं वह बेहद सराहनीय है। जबकि जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि बाल भवन में रक्षाबंधन उत्सव का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और त्योहारों से जोडऩा तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है।



पानीपत। रक्षा बंधन उत्सव में बेटियों के हाथ में रची मेहंदी का अवलोकन करते हुए अतिथि।

हंट में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को मिलेंगे 2.5 करोड़

आकाश टैलेंट हंट से मिलेगी छात्रों के सपनों को उड़ान

बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिलेगी 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

हर विद्यार्थी के भीतर कुछ खास करने की क्षमता होती है। जरूरत है उसकी प्रतिभा को पहचानने, मेहनत को सही मंच देने और सपनों को उड़ान भरने का अवसर उपलब्ध कराने की। इसी उद्देश्य से आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम एंथें 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पांचवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति तथा शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 2.5 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गिरासिया ने कहा कि एंथें विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानने और सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढऩे का अवसर देता है। एंथें के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान की जाती है। वहीं, शहीद वीरों के परिवारों के बच्चों को ट्यूशन फीस में विशेष छूट और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को भी आगे बढऩे के अवसर दिए जाते हैं। पिछले 16 वर्षों में एंथें से अब तक एक करोड़ से अधिक विद्यार्थी जुड़ चुके हैं। एंथें 2026 की ऑनलाइन परीक्षा 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तथा ऑफलाइन परीक्षा 11 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को होगी। इसके लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं।



पानीपत। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के एमडी एवं सीईओ चंद्र शेखर गिरासिया एंथें की जानकारी देते हुए।

दुनिया में अपना लोहा मनवा रहे हरियाणा के खिलाड़ी : करण सिंह

■ राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने लिया खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस एवं खेलो इंडिया संवाद के उपलक्ष्य में वीरवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इधर, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करण सिंह पूनिया ने कहा कि खेलों में हरियाणा का योगदान पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। हरियाणा की धरती लगातार ऐसी खेल प्रतिभाओं को जन्म दे रही है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कबड्डी, मुक्केबाजी सहित विभिन्न खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुभाष जागलान, डॉ. नरेश ढांडा, एनएसएस के संयोजक डॉ. शिवम धवन, डॉ. सविता नैन, डॉ. दलबीर देशवाल, डॉ. कविता तनेजा, कविता जैन, नैन्सी बजाज, वंदना शर्मा, विकास यादव, प्रो. नरसिंह जांगड़ा, डॉ. जगदीश कुमार समेत बडी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।



पानीपत। खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में शिरकत करते शिक्षक व विद्यार्थी।

अवैध कॉलोनियों के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने बोला

विधायक निर्मल सिंह का आरोप-12 वर्ष में एक भी कॉलोनी वैध नहीं हुई

सरकार चाहे कितनी भी आंखें बंद कर ले जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



नगर निगम के बाहर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

अंबाला शहर की जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों,अवैध कॉलोनियों को वैध करने,एनडीसी के नाम पर कथित वसूली,प्रॉपर्टी आईडी की समस्याओं और नगर निगम की कार्यप्रणाली के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सड़क से सदन तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर सरकार और नगर निगम के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की और जनता को उसका हक दिलाने के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंबाला शहर विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि अंबाला शहर की जनता ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिए गए विश्वास की आवाज को वे लगातार विधानसभा में उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनियों का मुद्दा अंबाला शहर की जनता से सीधे जुड़ा हुआ है। उन्होंने विधानसभा में कई बार इस विषय को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि दो महीने के भीतर अंबाला शहर की कॉलोनियों को वैध कर दिया जाएगा, लेकिन विधानसभा सत्र समाप्त हुए करीब छह महीने बीत जाने के बावजूद भी अंबाला शहर की एक भी कॉलोनी अप्रूव नहीं हुई है। उन्होंने कहा कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की इसी पीड़ा को लेकर सड़क पर बैठे हैं। यह आंदोलन सरकार को जगाने की एक मजबूत शुरुआत है। सरकार चाहे कितनी भी आंखें बंद कर ले, कांग्रेस जनता की आवाज को दबने नहीं देगी। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच रहकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ते आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 27 अगस्त से 1 सितंबर विधानसभा सत्र में भी वह अंबाला शहर की अवैध कॉलोनियों को वैध करवाने के मुद्दे को पूरी मजबूती और पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाएंगे। पिछले 12 वर्षों से अंबाला शहर के साथ हो रहे कथित भेदभाव और अन्याय के खिलाफ कांग्रेस हर मोर्चे पर संघर्ष जारी रखेगी। सड़क से सदन तक कार्यक्रम के आयोजक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रधान विनोद धीमान ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले 12 वर्षों में प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 89 विधानसभा क्षेत्रों में कॉलोनियों को मंजूरी दी गई।

नगर निगम के चक्कर काटने को मजबूर

उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में एक भी कॉलोनी को मंजूरी नहीं मिलने से हजारों परिवार परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीसी के नाम पर लोगों से भारी रकम वसूली जा रही है,जबकि प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर करोड़ों रुपये के टेंडर को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। धीमान ने कहा कि आज स्थिति यह है कि आम नागरिक अपनी ही संपत्ति की प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए नगर निगम के चक्कर काटने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कांग्रेस नेता रोहित शर्मा विशु ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा अंबाला शहर की वैध कॉलोनियों को भी कथित तौर पर अवैध बताकर लोगों को एनडीसी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता के साथ इस प्रकार की कथित मनमानी और वसूली को कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस प्रधान ग्रामीण राकेश मेहला, हरजीत सिंह बबल,सुरेंद्र पाल बिट्टू, कुलदीप सिंह गुल्लू, नरेंद्र पाली, कोमल जैन,पूर्व सदस्य राजविंदर कौर,यूथ प्रधान हरमन हैरी महेंद्र सिंह,रविंद्र गुप्ता,गुरनाम सिंह, अवतार सिंह,गवी सिंह,प्रदीप चावला,परमिंदर बंटी,राजवीर राजा अशोक सोनी, दविंदर बक्शी, खुशवीर बलिया,कमल वाछल, कमल विर्क अशोक प्रजा मस्तान सिंह पम्मा सरपंच ठाकुर सिंह सैनी प्रेम सागर शर्मा हिमांशु शर्मा यादविंदर कोहली दीपक बख्शी भी मौजूद रहे।

राहगीरों पर हमला करने वाले उत्पाती सांड की संदिग्ध हालात में जान गई

■ बच्ची समेत 4 लोगों को बनाया था शिकार, सेना ने किया था काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में 3 दिन पहले 4 लोगों को घायल करने वाला सांड सुबह सड़क किनारे मरा मिला। पूर्व निकाय सदस्य नवीन यादव के मुताबिक आर्मी की टीम ने सुबह सांड को पकड़ लिया था। इसके बाद उसे एक पेड़ से बांध दिया गया। इसी दौरान सांड की मौत हो गई।सांड ने उत्पाद मचाते हुए 4 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इनमें 9वीं कक्षा की छात्रा खुशी भी शामिल थी। सांड ने खुशी को करीब 7 फीट ऊपर उठाकर जमीन पर पटक दिया था। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट आई थी और उसे 18 टांके लगे थे। हमले के बाद सांड भागकर आर्मी एरिया में घुस गया था। इसके बाद से ही उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे थे। आज सुबह आर्मी की टीम सांड को पकड़ने में कामयाब हुई।

मानसिक संतुलन बिगड़ने की आशंका

उनका कहना है कि आर्मी को आशंका थी कि सांड का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। इसी वजह से पानी डालकर उसे राहत देने की कोशिश की गई। पानी डालने के दौरान सांड अचानक गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद उसकी मौत हो गई।बता दें कि सोमवार सुबह सांड ने लालकुर्ती और माल रोड समेत करीब एक किलोमीटर के इलाके में जमकर उत्पात मचाया था। उसने स्कूल जा रही 9वीं कक्षा की छात्रा खुशी को सींगों से उठाकर करीब 7 फीट हवा में पटक दिया था। बच्ची का सिर डिवाइडर से टकराने के कारण गंभीर चोट आई थी और उसके सिर में 18 टांके आए थे। इसके बाद सांड ने स्कूटी सवार के पीछे दौड़कर हमला करने की कोशिश की। माल रोड पर उसने एक गोरखा सर्वेंट मनोज थापा को पटककर घायल कर दिया था, जिसे गंभीर हालत में पीजीआई रेफर किया गया। इसके बाद आकाशदीप कम्युनिटी सेंटर के पास सांड ने मां-बेटी पर भी हमला किया था।

नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी शिकायतें

अंबाला। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। संबंधित सभी अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर प्राप्त शिकायतों का जल्द निपटान सुनिश्चित करें। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने समाधान शिविर में पंहुचे लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया और साथ ही संबंधित विभाग को समस्या मार्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में इस दौरान बलदेव नगर से मधु ने बुढापा पेंशन लगवाने को लेकर अपनी समस्या रखी, ऐसे ही बहबलपुर से हरदयाल सिंह ने फैमिली आईडी में बिजली के मीटर के नाम संबंधी समस्या को लेकर, जग्गी कॉलोनी से राहुल ने फैमिली आईडी में इंकम कम करवाने बारे शिकायत दी गई।

अधिक से अधिक राजस्व सेवाएं लोगों को घर बैठे उपलब्ध कराई जाएं: डीसी

प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ अनावश्यक रूप से तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक राजस्व सेवाएं नागरिकों को घर बैठे अथवा नजदीकी अटल सेवा केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं। इसके तहत जमाबंदी, इंतकाल, डिजिटल हस्ताक्षरित रजिस्ट्री व अन्य राजस्व अभिलेखों को डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कहा कि जमाबंदी में व्यक्ति के हिस्से से संबंधित जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने, छोटी त्रुटियों में सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा तकसीम जैसी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा राजस्व सेवाओं को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में ऑटो म्यूटेशन व्यवस्था लागू की जा रही है। इसका उद्देश्य इंतकाल की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

हादसों में ट्रेक्टर ट्रॉली व साइकिल सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत

■ पुलिस ने हादसों को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दो हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने हादसों को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहला हादसा अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन के गेट के सामने पुल पर लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर चला रहा 33 वर्षीय साजिद उछलकर नेशनल हाईवे पर गिर गया और ट्रॉली का टायर उसके सिर के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शामली के गढ़ी अब्दुल्ला खान के मोहम्मद राशिद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि साजिद 25 अगस्त की शाम करीब 6 बजे महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्रॉली में लकड़ी लादकर उसे बेचने के लिए हंडेसरा पंजाब के लिए निकला था।

हादसे में चौकीदार की मौत

राशिद के अनुसार, 26 अगस्त की रात करीब 1:05 बजे साजिद कैंट स्टेशन के गेट के सामने पुल पर दिशा में ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहा था। इसी दौरान पीछे से आए कंटेनर ने लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे दाईं तरफ टक्कर मार दी। उधर खुड्डा से खाना लेकर कंपनी लौट रहे साइकिल सवार चौकीदार की पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने चपेट में ले लिया। हादसे में चौकीदार की जान चली गई। हादसा दोपहर करीब 1:30 बजे एमजी मोटर कंपनी के सामने हुआ। टक्कर के बाद बाइक सवार भी सड़क पर गिरा, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। घसीटपुर बीहटा के सुनील कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मृतक अमरजीत सिंह उसका चाचा था और इंडस्ट्रीज कंपनी में चौकीदार की नौकरी करता था। सुनील के अनुसार, एमजी मोटर कंपनी के सामने पहुंचते ही पीछे से आए बाइक सवार ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाते अमरजीत की साइकिल में टक्कर मार दी।

पीएम मोदी ने 1600 जगह आठ लाख युवाओं से की बात

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मेरा युवा भारत द्वारा देश के गौरव एवं महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कड़ी में सनातन धर्म महाविद्यालय, अंबाला छावनी तथा अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'खेलो इंडिया संवाद' का मुख्य उद्देश्य देश का युवा, देश के खिलाड़ी और देश का भविष्य इन तीनों को एक मंच पर जोडऩा तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि, जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लगभग 1,600 स्थानों पर उपस्थित 8 लाख से अधिक युवाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं को खेलों से जुडऩे, खेल भावना को अपनाने तथा देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। एसए जैन कॉलेज में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, तथा स्पोर्ट्स पर्सन तेजवीर, प्राचार्य डॉ. विनीत जैन, हितेश जैन, एमिनेंट पर्सन माय भारत अर्पित अग्रवाल उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेलों में खिलाडिय़ों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होनें कहा कि हॉल ही में कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रदेश के खिलाडिय़ों ने अंर्तराष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए अनेकों पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया हैं। उन्होनें उपस्थित सभी से नशे से दूर रहने बारे भी अपील की।


अंबाला। कार्यक्रम में हिस्सा लेते युवा।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित अतिथियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. सुरेंद्र तंवर, डॉ. पूजा मिश्रा, डॉ. सुनील काजल, डॉ. विजय, डॉ. मोहित बिंदलिश, डॉ. आरती, डॉ. गिरधर गोपाल, मेरा युवा भारत के अधिकारियों, स्वयंसेवकों, कॉलेज प्रबंधन, युवाओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सक्रिय सहभागिता रही।

नशीले कैप्सूल तस्करी के दोषी को 10 साल की जेल

■ अदालत ने मुजरिम पर एक लाख का जुर्माना भी ठोका, जुर्माना न देने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (एनडीपीएस) के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. अशोक कुमार की अदालत ने नशीली दवाइयों की तस्करी के मामले में सुभरी के जितेंद्र उर्फ छिंद्र को दोषी ठहराया है। दोषी को 10 साल की कठोर कैद और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। 29 जुलाई 2018 की रात 10:50 बजे पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि जितेंद्र नशीले कैप्सूल लेकर घर आने वाला है। पुलिस ने शराब ठेका सुभरी के पास उसे पकड़कर 200 पत्ते में 4 हजार नशीले कैप्सूल बरामद किए थे। इनका वजन 3 किलो 120 ग्राम था, जो व्यावसायिक मात्रा की श्रेणी में आता है।

आरोपी ने कैप्सूल सहारनपुर से खरीदकर लाने की बात बताई थी। मामले में 30 जुलाई 2018 को थाने में केस दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी के मुजरिम करार देते हुए अब उस दस साल के कारावास की सजा सुनाई है।

बारह फरियादी पहुंचे, नौ शिकायतों का समाधान

मंत्री कृष्ण बेदी की अध्यक्षता में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सामाजिक न्याय और अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछडे वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने वीरवार को अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक ली। इस दौरान मंत्री के समक्ष 12 शिकायतें रखी गई जिसमें से 9 का समाधान किया गया। 3 शिकायतों के समाधान के लिए कमेटी का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में में रखी 12 शिकायतों को सुनने के उपरांत 9 शिकायतों का निवारण किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस की पोल खुल गई है। प्रजातंत्र प्रणाली से उनका विश्वास उठ चुका है। कांग्रेस ने विधानसभा सत्र के दौरान योजनाबद्ध तरीके से विधानसभा परिसर में आकर माहौल खराब करना, तख्तियां लेकर आना एवं उलटा दोष देना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाल बुरा हो चुका है।


अंबाला। मीटिंग में मंत्री के सामने अपनी शिकायत रखते फरियादी।

आवश्यक निर्देश दिए

इस दौरान गांव गढौली के सुखबीर सिंह, कुलदीप सिंह, पंचकूला के राजवीर सिंह, संजय कॉलोनी के राजन कुमार, जनसुई की सोनिया, रावी कॉलोनी के सुखदेव, लाजपत नगर की गुरनामो कौर, अंबाला छावनी की सुषमा सिंह गांव फोक्सा के बोधराज की शिकायतों पर कैबिनेट मंत्री द्वारा सुनकर पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के जोहड़ की सफाई करवाकर वहां थ्री पोंड सिस्टम बना तो उसकी चार दिवारी करवाएं। इस परिवाद का समाधान कर फाईल किया गया।



बच्चों ने मेहंदी प्रतियोगिता दिखाया प्रतिभा

अंबाला। रक्षा बंधन के अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय मंडोर में पोस्टर मेकिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम इंचार्ज सुमन कौर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में रजनी, हर्ष, सुनेहा, पलक, आदित्य, मंजू, योगिता, भावना, सपना, खुशबू, तनीषा, रोशनी, सिमरन, पिंकी, मनीषा, रूपा, गीता, शिवम, चिंटू, सत्यम व नमन सहित अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया

नारायणगढ़। श्रीमद्भगवद् गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा प्रथम एवं द्वितीय की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर विभिन्न अधिकारियों से भेंट कर उन्हें राखी बांधी तथा प्रेम, स्नेह, विश्वास और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय की शिक्षिकाओं नीरज, रीना शेरगिल एवं किरण जोशी के नेतृत्व में हिमांशी, शिमरन, दृष्टि, दीपांजली, सहज, समायरा एवं अंशिका सहित छात्राओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम शिवजीत भारती को राखी बांधी। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, स्नेह, विश्वास और आपसी सम्मान का पावन पर्व है। ऐसे पर्व हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से जोडऩे का कार्य करते हैं। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अमरगढ़ मझाडा स्कूल में विदेश से पहुंचा शिष्टमंडल

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के राजकीय स्कूल अमरगढ मझाडा में लाइटहाउस कोएलिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय डेलिगेशन का दौरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिष्टमंडल में ब्राजील, केन्या, और सेनेगल आदि देशों से आए लगभग 10 शिक्षा विशेषज्ञों के सामने स्कूल के शिक्षकों और समस्त सहायक स्टाफ ने न केवल अपने स्कूलों का, बल्कि पूरे भारत का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व किया है। निपुण हरियाणा के तहत हम बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विश्व स्तर पर अग्रणी हैं। मेहमानों ने क्लासरूम में टीएलएम के रचनात्मक उपयोग, ह्यूटीचर ऐपह्ल के प्रभावी संचालन और ह्यशिक्षक संदर्शिका के माध्यम से दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। सामाजिक संगठन राष्ट्र प्रेम मंच के संयोजक विजय कुमार सैनी ने अपना पैतृक गांव होने के कारण पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे।

दो स्थानों से चोरी कर लिया हजारों का सामान

यमुनानगर। शहर यमुनानगर थाना क्षेत्र में चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोर एक घर से मोबाइल और कार चोरी करके ले गए जबकि दूसरी घटना में होटल के पास खड़ी कार को निशाना बनाया। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार शहर की भारत कालोनी निवासी इंद्रजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 अगस्त की सुबह करीब सवा तीन बजे से साढ़े तीन बजे के बीच अज्ञात चोर उसके घर में घुस गया। आरोपी घर से आई फोन और कार चोरी कर ले गया। चोरी हुई संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब पौने तीन लाख रुपये है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। दूसरी वारदात में भगवती कालोनी निवासी अभिषेक की मारुति स्विफ्ट डिजायर चोरी हो गई। शिकायत के अनुसार कार यमुनानगर ग्रैंड होटल के पास खड़ी थी। 25 अगस्त को दोपहर तीन बजे से रात 11 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति कार चोरी कर ले गया।

एससी आयोग की चेयरपर्सन ने बंदियों को राखियां बांधी

रक्षाबंधन प्रेम, स्नेह व विश्वास का पर्व

■ बंदियों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की चेयरपर्सन बंतो कटारिया ने वीरवार को केंद्रीय कारागार में रक्षा बंधन के पर्व पर बंदियों को राखी बांधकर रक्षाबधंन की बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व मेयर अक्षिता सैनी भी मौजूद रहें। इससे पहले चेयर पर्सन बंतो कटारिया ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया। यहां पहुंचने पर जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा ने चेयरपर्सन को पर्यावरण का प्रतिक पौधा देकर उनका स्वागत भी किया। हरियाणा अनुसूचित जाति की चेयरपर्सन बंतो कटारिया ने इस मौके पर जेल अधीक्षक से बंदियों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। कटारिया ने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, स्नेह, विश्वास और आपसी सम्मान का पावन पर्व है।


अंबाला। बंदियों को राखी बांधती बंतो कटारिया। फोटो :हरिभूमि

पर्व की बधाई दी

ऐसे पर्व हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी को रक्षाबंधन पर्व की बधाई भी दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005